राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

क्रमांक– परीक्षा उपाधि / 2022 / 199

दिनांकः 06.01.2022

31वाँ दीक्षान्त समारोह हेतु आवश्यक सूचना

पूर्व आवश्यक सूचना परिपत्र क्रमांक : परीक्षा उपाधि / 2021 / 788962 दिनांक 28.12.2021 की निरन्तरता में 31वाँ दीक्षान्त समारोह में सम्मिलित होने वाले समस्त छात्र / छात्राओं को सूचित किया जाता है कि कोविड संक्रमण की परिस्थितियों को मद्देनजर रखते हुए राजस्थान विश्वविद्यालय के **31वाँ दीक्षान्त समारोह ऑनलाईन माध्यम से** दिनांक 08.01.2022 को प्रातः 11.30 बजे से अपराह्न 2.30 बजे तक आर.ए. पौद्दार प्रबन्ध संस्थान, जयपुर में आयोजित होगा। समारोह में माननीय कुलाधिपति महोदय द्वारा परीक्षा–2020 के उपाधि धारक परीक्षार्थियों, गोल्ड मेडलिस्ट छात्र / छात्राओं को तथा पीएच.डी. धारक (जिनकी पीएच.डी. दिनांक 01.08.2020 से 31.10.2021 के मध्य अवार्ड हुई है) दीक्षार्थियों को ऑनलाईन दीक्षा प्रदान की जायेगी। **समारोह को विश्वविद्यालय वेबसाईट www.uniraj.ac.in पर दिए लिंक पर क्लिक कर join करें।**

पीएच.डी. धारक जिनकी पीएच.डी. दिनांक 01.08.2020 से 31.10.2021 मध्य अवार्ड हुई है, उन्हें निम्नलिखित केन्द्रों पर दिनांक 08.01.2022 को अपराह्न 3.00 से 5.00 तक प्रक्रियानुसार उपाधि वितरित की जाएगी :–

1.	कला	मानवीकी पीठ, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर
2.	वाणिज्य	पी.जी. स्कूल ऑफ कॉमर्स, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
3.	सामाजिक विज्ञान	पी.जी. स्कूल ऑफ सोशल साईंस, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
4.	विज्ञान	प्राणिशास्त्र विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
5.	इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी, शिक्षा, विधि, प्रबन्ध एवं ललित कला	सेंटर फॉर कनवर्जिंग टेक्नोलॉजी, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।

यदि पीएच.डी. धारक दीक्षार्थी उक्त दिनांक को उपाधि प्राप्त नहीं करते हैं तो वे दिनांक 10.01.2022 के पश्चात् संबंधित विभाग से अपनी उपाधि प्राप्त कर सकते हैं।

परीक्षा–2020 में सर्वोच्च अंक प्राप्तकर्ता (Gold Medalist) छात्र / छात्राओं को आर.ए. पौद्दार प्रबन्ध संस्थान, जयपुर से ऑनलाईन आयोजित दीक्षान्त समारोह के पश्चात् अपराह्न 3.00 बजे माननीय कुलपति महोदय द्वारा गोल्ड मेडल प्रदान किए जायेंगे। समारोह में कोविड प्रोटोकॉल / राज्य सरकार के दिशा–निर्देशों की पालना करना अनिवार्य है। यदि किसी कारणवश कोई छात्र / छात्रा उक्त दिनांक को गोल्ड मेडल प्राप्त करने में असमर्थ रहता है तो वह दिनांक 10.01.2022 के पश्चात् उपकुलसचिव (उपाधि) परीक्षा अनुभाग से गोल्ड मेडल प्राप्त कर सकते हैं।

सभी सम्बन्धित दिनांक 08.01.2022 को प्रातः 11.30 से अपराह्न 2.30 बजे तक आयोजित ऑनलाईन दीक्षान्त कार्यक्रम को **विश्वविद्यालय वेबसाईट www.uniraj.ac.in पर दिये गये लिंक के माध्यम से देख सकते हैं।**

Sd/-
(के.एम. दूड़िया)
कुलसचिव

क्रमांक– परीक्षा उपाधि / 2022 / 200–210

दिनांकः 06.01.2022

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. संयोजक, दीक्षान्त समारोह समिति, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
2. वित्त नियंत्रक एवं वित्तीय सलाहकार, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
3. निदेशक, इन्फोनेट सेंटर, राज.वि.वि., जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि संबंधित आवश्यक सूचना को विश्वविद्यालय वेबसाईट के Hotlink पर प्रसारित करने का श्रम करें।
4. जन सम्पर्क अधिकारी, राज.वि.वि., जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि उक्त सूचना को मुख्य समाचार पत्रों में समाचार के रूप में प्रकाशित करवाने का श्रम करें।
5. उपकुलसचिव, शोध / सामान्य प्रशासन, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
6. निजी सचिव, कुलपति / कुलसचिव / परीक्षा नियंत्रक, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
7. सहायक कुलसचिव, परीक्षा–IV, V राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।

Sd/- 6.1.22
(डॉ. राकेश राव)
परीक्षा नियंत्रक